दिन– गुरूवार | दिनांक– 03/09/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए पटना और भागलपुर समेत आठ जिलों के लिए चेतावनी जारी।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बेंगलुरु में बिहार महोत्सव का किया उद्‌घाटन। कहा – विकसित भारत–समृद्ध बिहार का लक्ष्य हासिल करना हर एक राज्यवासी की जिम्मेदारी।

03. विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने फरक्का जलसंधि मामले में बिहार के हितों का ध्यान रखने का दिया भरोसा। जलसंधि पर जागरूकता के लिए जदयू शुरू करेगा 'नीतीश संवाद' अभियान।

04. और, मौसम विभाग ने पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज और सीवान जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————————

प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जल संसाधन विभाग ने गंगा नदी के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी की आशंका को देखते हुए पटना समेत आठ जिलों के लिए चेतावनी जारी की है। ब्यौरा हमारी संवाददाता से....

——रिपोर्ट——

आपदा प्रबंधन विभाग ने गंगा के बढ़ते जलस्तर को लेकर अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार पटना के गांधी घाट पर आज रात और मोकामा के हाथीदह में कल दोपहर गंगा का जलस्तर उच्चतम बाढ़ स्तर को पार कर सकता है। भोजपुर, पटना, सारण, वैशाली, नालंदा, बेगूसराय, लखीसराय और जहानाबाद के नदी किनारे तथा निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने और जोखिम से बचने की अपील की गई है। आपात स्थिति में राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र के 1070 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। सविता पारीख, आकाशवाणी समाचार, पटना।

इधर, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ की स्थिति को देखते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

इस बीच, उपमुख्यमंत्री सह–जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने पटना के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बाढ़ प्रभावित जिलों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से ही तटबंधों का भी जायजा लिया। श्री चौधरी ने कहा कि भागलपुर जिला बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित

है। उन्होंने कहा कि खरीक अंचल की राघोपुर पंचायत में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है लेकिन स्थिति नियंत्रण में है।

——साउंड बाइट——

श्री चौधरी ने बताया कि झारखंड में हुई भारी बारिश के चलते पुनपुन और दरधा नदी के जलस्तर में अत्यधिक बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग के अभियंता स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

——साउंड बाइट——

इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया कि विभिन्न नदियों के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल रहा है। पटना, वैशाली, भागलपुर, कटिहार, रोहतास, औरंगाबाद, कैमूर, और जहानाबाद समेत कई जिले बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। हमारे पटना संवाददाता ने बताया कि दियारा इलाकों से आए लोग जे.पी. गंगा पथ पर शरण लिये हुए हैं। आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत शिविर और सामुदायिक रसोई घर की शुरूआत की गयी है। पशुचारे और दवाओं की भी पर्याप्त व्यवस्था की गयी है।

————————————————————————————

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि प्रदेश में बाढ़ की समस्या के स्थाई समाधान के लिए प्रयास करने की आवश्यकता है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर नेपाल के साथ उच्च स्तरीय बातचीत होनी चाहिए।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज कर्नाटक के बेंगलुरु में तीन दिवसीय बिहार महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद हैं। पत्रकारों से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि इस आयोजन से बिहार की समृद्धि का रास्ता खुलेगा।

——साउंड बाइट——

विकसित भारत–समृद्ध बिहार के संदेश के साथ आयोजित हो रहे इस महोत्सव में राज्य की समृद्ध विरासत, लोक कला और संस्कृति का प्रदर्शन किया जायेगा। समारोह में आधुनिक और प्रगतिशील बिहार की झांकियां भी प्रस्तुत की जायेंगी।

————————————————————————

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने फरक्का जल संधि को लेकर बिहार के हितों को ध्यान में रखने का भरोसा दिया है। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने संधि के नवीनीकरण में बिहार की जल जरूरतों को शामिल करने की मांग की थी। विदेश मंत्री ने कहा कि जलसंधि के नवीनीकरण की प्रक्रिया में बिहार की चिंताओं को ध्यान में रखा जाएगा। भारत–बांग्लादेश के बीच वर्ष उन्नीस सौ छियानवे में हुई फरक्का जल संधि की अवधि दिसंबर में समाप्त हो रही है।

————————————————————————

जनता दल यूनाइटेड पांच सितम्बर से नीतीश संवाद अभियान की शुरूआत करेगा। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने बताया कि यह अभियान बक्सर से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत फरक्का बराज और फरक्का जलसंधि से राज्य को होने वाले नुकसान के प्रति आम लोगों को जागरूक किया जाएगा।

——साउंड बाइट——

————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया के पास विधि छात्रों के आचरण को नियंत्रित करने की कोई वैधानिक शक्ति नहीं है। न्यायालय ने कहा कि विद्यार्थियों पर किसी भी तरह की कार्रवाई शिक्षा संस्थान ही अपने विनियामक नियमों के अनुसार ले सकते हैं। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने नालसर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के खिलाफ बार काउंसिल ऑफ इंडिया की कार्रवाई पर उत्पन्न विवाद से जुड़े मामले में यह ओदश दिया है।

————————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने आज शिवहर में पुरनहिया प्रखंड में कई विकास योजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने बसंत जगजीवन पंचायत में श्री किशोर

प्रभात पुस्तकालय और अदौरी पंचायत में जीविका दीदियों के सिलाई घर का उद्घाटन किया। अदौरी बाजार में मंत्री ने भूमिहीन लाभार्थियों को बासगीत पर्चा और विकसित भारत–जी राम जी जॉब कार्ड वितरित किए।

————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने आज मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच परिसर स्थित टाटा कैंसर अस्पताल में बारह बेड के आईसीयू का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अस्पताल को और विकसित किया जाएगा, ताकि कैंसर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए दूसरे स्थानों पर रेफर करने की जरूरत नहीं पड़े।

————————————————————————

बेगूसराय जिले में डिजिटल भुगतान का चलन तेजी से बढ़ा है। वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में जिले में डिजिटल माध्यमों से बीस करोड़ चालीस लाख से अधिक लेनदेन हुए, जिसकी कुल राशि एक लाख चालीस हजार छह सौ अड़तीस करोड़ रुपये से अधिक रही। लीड बैंक के प्रबंधक प्रशांत मिश्रा ने बताया कि लेन–देन में यूपीआई सबसे आगे रहा।

——साउंड बाइट——

————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून के प्रभाव से बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पूर्णिया, बांका, भोजपुर और पटना जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश रिकॉर्ड की गयी। सबसे अधिक अंठानवे दशमलव छह मिलीमीटर बारिश पूर्णिया के भवानीपुर में दर्ज की गयी है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज और सीवान जिले में भारी बारिश की संभावना है। वहीं, राज्य के कई हिस्सों में आंधी और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

——साउंड बाइट——

————————————————————————

जन्माष्टमी का त्योहार कल मनाया जाएगा। इसे लेकर प्रदेशभर में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाता है। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त

सैयद अता हसनैन और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

बक्सर जिले के डुमरांव मध्य विद्यालय के दो शिक्षकों को नाबालिग बच्चियों के साथ छेड़खानी के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी इंद्र कुमार कर्ण ने बताया कि जिन दो बच्चियों के साथ छेड़खानी हुई है वे संबंधित विद्यालय की छात्रा नहीं है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच का जिम्मा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को सौंपा गया है।

——साउंड बाइट——

इधर, गोपालगंज के जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार पांडेय ने अनियमितता और कार्य निष्पादन में लापरवाही के आरोप में चार प्रधानाध्यापकों को निलंबित कर दिया है।

———————————————————————

किशनगंज जिले के गलगलिया थाना क्षेत्र के ठिकाटोली में पुलिस और एसएसबी की टीम ने छापेमारी कर एक तस्कर को नौ सौ बावन ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद हेरोइन का बाजार मूल्य लगभग दो करोड़ रुपये बताया जाता है। इधर, मधुबनी जिले के लौकहा थाना क्षेत्र से पुलिस ने ग्यारह लाख रुपये मूल्य के गांजा के साथ नेपाल के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले के भारत–नेपाल सीमा के अकोन्हा तालाब के पास से एसएसबी की टीम ने भारी मात्रा में नेपाली शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। दूसरी तरफ, अररिया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने छापेमारी कर मादक पदार्थों और हथियारों के साथ सोलह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर टाइगर रिजर्व के मदनपुर वन क्षेत्र में बाघ के हमले में मृत एक महिला के परिजन को वन विभाग ने दस लाख रुपये की मुआवजा राशि प्रदान की है।

———————————————————————

सीवान जिले में एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए एकदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई।

अरवल जिले की दस पंचायतों में आज संत रविदास विकास शिविर का आयोजन किया गया।

———————————————————————————

कटिहार के बीस मॉडल विद्यालयों–सरस्वती विद्या निकेतन में बेहतर शिक्षा के लिए बीस अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। अधिकारी सप्ताह में एक दिन अपने–अपने स्कूलों में बच्चों की कक्षाएं लेंगे, उनके प्रदर्शन का आकलतन करेंगे।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए पटना और भागलपुर समेत आठ जिलों के लिए चेतावनी जारी।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बेंगलुरु में बिहार महोत्सव का किया उद्‌घाटन। कहा – विकसित भारत–समृद्ध बिहार का लक्ष्य हासिल करना हर एक राज्यवासी की जिम्मेदारी।

03. विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने फरक्का जलसंधि मामले में बिहार के हितों का ध्यान रखने का दिया भरोसा। जलसंधि पर जागरूकता के लिए जदयू शुरू करेगा 'नीतीश संवाद' अभियान।

04. और, मौसम विभाग ने पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज और सीवान जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।